RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 31 • 13:02:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

# फ्लोर टेस्ट में पास हुई नीतीश सरकार, विपक्ष ने किया वॉकआउट

• पहले अविस्वास प्रस्ताव लाकर स्पीकर चौधरी को हटाया, बाद में हुई वोटिंग


एजेंसी। पटना

आखिरकार नीतीश सरकार फ्लोर टेस्ट में पास हो गई है। जबकि बिहार विधानसभा में सोमवार को फ्लोर टेस्ट की वोटिंग से पहले विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। वहीं सत्ता पक्ष की मांग पर वोटिंग करवाई गई। इससे पहले विश्वास प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान सदन में मुख्यमंत्री ने बोलना चाहा, लेकिन जैसे ही बोलने के खड़े हुए तो आरजेडी विधायक हंगामा करने लगे। तब नीतीश कुमार ने गुस्से में कहा कि लोग मुझे सुनना नहीं चाहते तो वोटिंग करवाइए। इस दौरान सीएम नीतीश ने तेजस्वी के माता-पिता का जंगलराज याद दिलाया। वहीं पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि मोदी जी की गारंटी वाले बताएंगे क्या कि मुख्यमंत्री फिर पलटेंगे या नहीं? तेजस्वी यादव ने कहा, मैं खुश हूं कि कर्पूरी ठाकुरजी को भारत रत्न दिया गया। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने भारत रत्न को डील बना दिया है। आप हमारे साथ आइए और हम आपको भारत रत्न देंगे। तेजस्वी यादव ने फ्लोर टेस्ट से पहले ही कह दिया कि आज हमें बोलने दीजिए, कल से हम जनता के बीच रहेंगे, जनता की भलाई का काम करते रहेंगे। सदन में इस दौरान तेजस्वी जिंदाबाद के नारे भी लगे। हालांकि विधानसभा के बाहर आरजेडी ने हंगामा किया। इस दौरान

सत्ता पक्ष की मांग पर वोटिंग, समर्थन में 129 वोट; सीएम ने याद दिलाया जंगलराज



आरजेडी कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज भी किया गया। सदन में इससे पहले अविश्वास प्रस्ताव पास कर स्पीकर अवध बिहारी चौधरी को हटा दिया गया। बता दें कि स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 125 और विपक्ष में 112 वोट पड़े। वहीं राजद के तीन विधायकों ने पाला बदलने के संकेत देते हुए चेतन आनंद, प्रहलाद यादव और नीलम देवी सत्ता पक्ष की ओर बैठे। वहीं जेडीयू विधायक दिलीप राय विधानसभा ही नहीं पहुंचे।




# एक लाख युवाओं को मिली नौकरी पीएम ने वर्चुअली बांटे नियुक्तिपत्र

पहले नियुक्ति में देरी कर रिश्वत का खेल होता था, हमने प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया

एजेंसी। नई दिल्ली

देश के एक लाख युवाओं को पीएम नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नियुक्ति-पत्र वितरित किए। उन्होंने रोजगार मेले के तहत हाल ही में भर्ती किए गए एक लाख से अधिक कर्मियों को वर्चुअली नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। मिली जानकारी के अनुसार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पीएम ने राजधानी दिल्ली में समेकित कर्मयोगी भवन परिसर के पहले चरण का शिलान्यास भी किया। इस परिसर का उद्देश्य मिशन कर्मयोगी की विभिन्न शाखाओं के बीच तालमेल और सहयोग को बढ़ावा देना है। इस दौरान पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि 'आज हर युवा जानता है कि अगर वह कड़ी मेहनत करे तो अपने लिए जगह बना सकता है। पीएम ने कहा कि साल 2014 से हम युवाओं को भारत सरकार से जोड़ने और उन्हें विकास में भागीदार बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हमने पिछली सरकार से



डेढ़ गुना ज्यादा नौकरियां दी हैं। इस दौरान पीएम ने कहा कि आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम है। इन स्टार्टअप्स के कारण रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। नवनियुक्त युवा विभिन्न मंत्रालयों व विभागों जैसे राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, रक्षा मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, जनजातीय मामलों के मंत्रालय और रेलवे मंत्रालय में विभिन्न पदों पर भर्ती होकर सरकार में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के मुताबिक, रोजगार मेला देश में रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

## प्रधानमंत्री की स्पीच 3 पॉइंट में...

**1. देश में स्टार्टअप्स की संख्या 1.25 लाख के आसपास**

आज भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। देश में स्टार्टअप्स की संख्या अब 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है। इनमें बड़ी संख्या में स्टार्टअप टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में हैं। इन स्टार्टअप्स से युवाओं के लिए लाखों रोजगार बन रहे हैं। इस बार के बजट में स्टार्टअप को मिलने वाली टैक्स छूट को आगे बढ़ाने का भी ऐलान किया गया है।

**2. बेहतर कनेक्टिविटी का असर देश के विकास पर पड़ता है**

आज इस रोजगार मेले के द्वारा भारतीय रेलवे में भी नियुक्तियां हो रही हैं। भारतीय रेलवे आज एक बहुत बड़े ट्रांसफॉर्मेशन के दौर से गुजर रहा है। इस दशक के अंत तक भारतीय रेलवे का पूरी तरह कायाकल्प होने जा रहा है। देश में जब कनेक्टिविटी का विस्तार होता है, तो उसका प्रभाव एक साथ कई चीजों पर पड़ता है। कनेक्टिविटी बेहतर होने से नए बाजार बनने लगते हैं, पर्यटन स्थलों का विकास होता है। कनेक्टिविटी बेहतर होने से नए बिजनेस तैयार होते हैं और इससे रोजगार के लाखों अवसर बनते हैं। यानी कनेक्टिविटी अच्छी होने का सीधा प्रभाव देश के विकास पर पड़ता है।

**3. कर्मयोगी भारत पोर्टल पर 800 से ज्यादा कोर्स उपलब्ध**

PM ने कहा- आज दिल्ली में एक इंटीग्रेटेड ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स का भी शिलान्यास हुआ है। मुझे विश्वास है कि नए ट्रेनिंग कॉम्प्लेक्स से कैपेसिटी बिल्डिंग की हमारी पहल को और मजबूती मिलेगी। सरकार ने 'कर्मयोगी भारत पोर्टल' भी लॉन्च किया है। इस पोर्टल पर विभिन्न विषयों से जुड़े 800 से ज्यादा कोर्स उपलब्ध हैं।

## संक्षिप्त

### बिहार में विश्वासमत से पहले अवध बिहारी को स्पीकर पद से हटाया

**पटना।** बिहार में जारी सियासी घमासान के बीच आज सोमबार को विधानसभा स्पीकर अवध बिहारी



चौधरी को अपना पद त्यागना पड़ा है। महागठबंधन सरकार में स्पीकर रहे राजद विधायक अवध बिहारी चौधरी को पद से हटाने के लिए पहले अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन उन्होंने पद से हटने से इंकार कर दिया था। बावजूद इसके आज उन्होंने इस प्रस्ताव पर चर्चा के बाद स्पीकर पद को त्याग दिया है। हटाने के लिए पेश किए गए प्रस्ताव के पक्ष में 125 और विपक्ष में 112 सदस्य रहे। गौरतलब है कि नीतीश कुमार की अगुवाई में बनी नई सरकार के गठन के बाद अवध बिहारी को स्पीकर पद से हटाने के लिए पहले ही अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था। इसके बाद उन्होंने कहा था कि मैं पद से नहीं हटूंगा। इसके साथ ही स्पीकर ने कहा था कि उन्हें पद से हटाने की सूचना दी गई है। अतः सदन में सूचना को प्रस्तुत करने की अनुमति मैं देता हूं। इससे पहले सोमवार सुबह बिहार विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद स्पीकर को पद से हटाने का प्रस्ताव लाया गया और उस पर चर्चा की गई जिसके बाद अवध बिहारी चौधरी ने अपना पद त्याग दिया। बिहार में सियासी घमासान को देखते हुए पहले से ही तय माना जा रहा था कि स्पीकर के पद पर अवध बिहारी नहीं रह पाएंगे और यही हुआ। यहां स्पीकर को हटाए जाने के बाद ही विधानसभा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने सदन की कार्यवाही का संचालन किया।

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा बस में घुसी तेज रफ्तार कार, कार सवार 5 लोग जिन्दा जले



**मथुरा।** मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेस-वे पर सोमवार तड़के एक बड़ा हादसा हो गया। जहां आगरा की तरफ से नोएडा जा रही एक प्राइवेट बस का टायर अचानक पंचर हो गया। जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क पर तिरछी खड़ी हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार बस में जा घुसी। तेज टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। हादसे में 5 लोगों की जिंदा जलकर मौत के मुँह में समा गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार सड़क हादसा सोमवार सुबह करीब 7:45 के आस पास हुआ। टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों वाहनों में आग लग गई। दोनों वाहन धू-धू कर जलने लगे। जिसके बाद यमुना एक्सप्रेस-वे पर भारी जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं बस में सवार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था लेकिन कार सवार 5 लोगों की आग में जिंदा जलकर मौत हो गई। पुलिस ने ईएमएस लो बताया कि मृतकों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है।

# किसान आंदोलन को कुचलने लगाए कटीले तार

दिल्ली कूच से पहले पुलिस ने गाजीपुर, टिकरी और सिंघु बॉर्डर पर लगाई धारा 144

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली में किसान आंदोलन 2.0 को कुचलने के लिए चारों ओर से बॉर्डर सील कर दी गई है। इसके लिए चारों ओर से कंटीले तारों की फैंसिंग करके सीमेंट की बैरिकेटिंग कर दी है। हालांकि इसके लिए किसानों ने भी फिर कमर कस ली है। किसान पंजाब, हरियाणा, यूपी, राजस्थान समेत कई राज्यों से दिल्ली कूच करने की तैयारी में हैं। आंदोलन को चलो दिल्ली मार्च नाम दिया गया है। हालांकि, इस आंदोलन में संयुक्त किसान मोर्चा शामिल नहीं हो रहा है। उन्होने बताया कि यह कुछ किसान संगठनों का प्रदर्शन है। लेकिन फिर भी किसानों की तैयारियों को देखते हुए पुलिस-प्रशासन कोई भी रिस्क लेने के मूड में नहीं है। वहीं किसानों के दिल्ली कूच से पहले पुलिस ने गाजीपुर, टिकरी और सिंघु बॉर्डर पर धारा 144 लगा दी है|

दिल्ली से सटे हरियाणा, पंजाब और यूपी के बॉर्डर पर मुस्तैदी बढ़ा दी गई है। बॉर्डर को कटीले तार, सीमेंट के बैरिकेड से कवर किया जा रहा है। किसान मार्च को देखते हुए उत्तर पूर्वी दिल्ली में धारा 144 लागू की गई है। प्रदर्शनकारियों को बॉर्डर पर ही रोके जाने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि उत्तराखंड और मध्य प्रदेश से भी किसान दिल्ली पहुंच सकते हैं। इस बीच किसानों के आंदोलन को लेकर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने कहा है कि उन्होंने केंद्र सरकार से किसानों के मुद्दों का हल निकालने और मीटिंग करने के लिए कहा है।

इधर किसानों के दिल्ली घेराव को रोकने के लिए हरियाणा और पंजाब से लगने वाले सिंघु बॉर्डर पर कटीले तार की फैंसिंग कर दी गई हैं। सड़कों पर सीमेंट के बड़े-बड़े बैरिकेड भी रख दिए गए हैं। दिल्ली में गाजीपुर टिकरी और सिंधु बॉर्डर पर भी दिल्ली पुलिस पुख्ता तैयारी कर रही है, ताकि किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोका जा सके। गाजीपुर बॉर्डर पर पुलिस की गाड़ियां लगाकर यहां पर बैरिकेड खड़े कर दिए गए हैं। पुलिस ने यहां पर सीसीटीवी और लाउडस्पीकर भी लगाए जा रहे हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश के दूसरे संगठन यदि इसमें शामिल हो गए तो तो संभव है कि दिल्ली-मेरठ राजमार्ग भी बाधित हो सकता है।

सीमेंट के बैरिकेड से बॉर्डर सील



### किसानों को भ्रमित कर रही है कांग्रेस : भाजपा

**नई दिल्ली।** किसानों के 'दिल्ली चलो' प्रस्तावित मार्च पर भारतीय जनता पार्टी ने कहा कि कांग्रेस किसानों को भ्रमित कर रही है। सोमवार को भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों के मुद्दों को लेकर संवेदनशील और गंभीर है। मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार लगातार किसानों को सशक्त बनाने के लिए मजबूती के लिए काम कर रही है। किसानों को हमेशा प्राथमिकता दी गई है लेकिन कांग्रेस पार्टी किसानों को गुमराह करने और देश में भय का माहौल पैदा करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस के बयानों पर नकवी ने कहा कि कांग्रेस किसानों के कंधों पर बंदूक और अपने षड्यंत्र के संदूक को लेकर देश में भ्रम फैलाने का प्रयास है लेकिन वो सफल नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के संबंध में कानून बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव डालने के लिए 13 फरवरी को 200 से अधिक किसान यूनियनों के समर्थन से 'दिल्ली चलो' मार्च की घोषणा की है।

# भारत सरकार की कामयाबी: कतर में फांसी की सजा पाने वाले भारत के 8 पूर्व नौसैनिक रिहा

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों मौत के मुंह से निकालने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इन पर जासूसी का आरोप था और कतर में दोहा की अदालत ने इन्हे फांसी की सजा सुनाई थी। दोषमुक्त होने के बाद सभी पूर्व नौसैनिक भारत आ गए हैं और अपने परिवार के साथ बेहद खुश हैं। पूरे परिवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। बता दें कि इस्लामिक मुल्क कतर के नरम पड़ने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बड़ी भूमिका बताई जा रही थी। दुबई में कतर के शेख से मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने यह मुद्दा उठाया था। वहीं भारत सरकार ने कानूनी तौर पर



भारतीयों की रिहाई के लिए अपील करने में देर नहीं की। इसे भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि भारत सरकार के दखल के बाद स्थिति एकदम बदल गई। दोहा से भारत पहुंचे इन पूर्व नौसैनिकों ने प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी बदौलत ही वे ये दिन देख पा रहे हैं। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया था कि ये आठ पूर्व नौसैनिक कतर के खिलाफ जासूसी करने के आरोप में छोटे से देश की जेल में बंद थे। कतर की अदालत ने मौत की सजा सुना दी थी जिसके बाद रिहाई बेहद मुश्किल हो गई थी। हालांकि बीते साल दिसंबर में दोहा की अदालत ने इनकी मौत की सजा पर रोक लगा दी थी। भारत ने कूटनीतिक चतुराई के तहत कोर्ट में अपील की थी। इसके बाद भारत ने कतर कोर्ट में मौत की सजा के खिलाफ अपील की। 28 दिसंबर को कोर्ट की कोर्ट ऑफ अपील ने मौत की सजा पर रोक लगा दी। कतर के कोर्ट के इस फैसले को भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत के तौर पर देखा जा रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कतर के शेख तमीम बिन हमाद अल थानी से दुबाई में मुलाकात की थी। इसके बाद पीएम मोदी ने कहा था कि उन्होंने कतर में रहने वाले भारतीयों के बारे में चर्चा की। ये आठों भारतीय पहले नौसेना में काम करते थे। इसके बाद वे दोहा के अल दहरा ग्लोबल टेक्नॉलॉजीज में काम करने लगे। यह एक प्राइवेट कंपनी है जो कि कतर की सेना और सुरक्षा एजेंसियों को ट्रेनिंग देती है। वहां गिरफ्तार किए गए इन पूर्व नौसैनिकों के नाम हैं, कैप्टेन नवतेज गिल, सौरभ वशिष्ठ, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, अमित नागपाल, एसके गुप्ता, बीके वर्मा, सुगुनकर पकाला और सेलर रागेश। इन्हें अगस्त 2022 में हिरासत में लिया गया था।

### भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के परिजनों ने पीएम से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** जननायक और बिहार के दिवंगत समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर के परिजनों ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, "भारत रत्न से सम्मानित जननायक कर्पूरी ठाकुर जी के परिजनों से मिलकर बहुत खुशी हुई। कर्पूरी जी समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के मसीहा रहे हैं, जिनका जीवन और आदर्श देशवासियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने 23 जनवरी को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की थी।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने दी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सीख

एजेंसी। गोंदिया

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सीख दी है। उन्होंने रविवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का सपना तभी साकार हो सकता है, जब सभी देशवासियों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। उन्होंने कहा कि तभी देश पूर्ण रूप से शक्तिशाली बन सकेगा। महाराष्ट्र के गोंदिया में सरकारी मेडिकल कॉलेज के नए भवन के भूमिपूजन समारोह में बोलते हुए श्री धनखड़ ने सभी से स्वस्थ जीवन शैली बनाए रखने और आयुर्वेद जीवन शैली को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह देश की एक अनमोल सांस्कृतिक विरासत



है। आयुष्मान भारत योजना के जरिए देश के नागरिकों को दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य सुरक्षा कवर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस माध्यम से न केवल नागरिकों को इलाज के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, बल्कि संपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं भी बहुत प्रभावी ढंग से प्रदान की जा रही हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम अच्छे स्वास्थ्य का ध्यान रखकर नये भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। यह कहते हुए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के कारण योग दुनिया भर में पहुंच गया है, श्री धनखड़ ने कहा कि पहले साधारण बीमारियों के इलाज के लिए भी विदेश जाना पड़ता था। अब देश में हर जगह उन्नत उपचार उपलब्ध हैं। उपराष्ट्रपति ने महाराष्ट्र में उपलब्ध चिकित्सा शिक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा जिला स्तर पर सुपरस्पेशलिटी अस्पताल स्थापित करने की पहल सराहनीय है। इससे आम लोगों को बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने दवाओं की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के सरकार के प्रयासों की सराहना की।

# देश में नफरत और हिंसा के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार : राहुल

एजेंसी। रायगढ़

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज सोमबार को जन नायक चौक में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश में नफरत और हिंसा के लिए बीजेपी और मोदी सरकार जिम्मेदार है। नफरत और हिंसा फैलाने वाले राष्ट्र हितैषी नही हो सकते। राहुल गांधी ने जन नायक चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश में जो भी हिंसा फैल रही है उसकी वजह बीजेपी और नरेंद्र मोदी की सरकार है। देश के आमजन के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में दो समुदाय के लोगों को आपस में भिड़ा कर हिंसा की आग में झोंक दिया गया। मणिपुर जल रहा, लेकिन पीएम मोदी वहां नहीं गए। मुझे भी वहां जाने से रोक दिया गया। उन्होने कहा की देश के किसान, गरीब, पिछड़े वर्ग के लोग, आदिवासी, दलित महिलाओं के साथ लगातार अन्याय हो रहा



है। यह अन्याय आर्थिक और सामाजिक दोनों ही रूप में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अन्याय का बीज बोकर नफरत और हिंसा फैलाने का काम किया जा रहा है। इसी बीच सभा में उपस्थित बच्चों से राहुल गांधी ने पूछा, कि आप अन्याय वाले हिंदुस्तान में रहना चाहते हैं या न्याय वाले हिंदुस्तान में? इस सवाल पर बच्चों समेत उपस्थित लोगों ने बुलंद आवाज में कहा, न्याय वाले हिंदुस्तान में रहना चाहते हैं। इसी सभा में बैठी एक बच्ची ने कहा, कि मैं भारत में इसलिए रहना चाहती हूं कि मुझे अपने देश से बहुत प्यार है। इस बात पर राहुल गांधी ने कहा, कि जो बात देश के प्रधानमंत्री मोदी को आज तक समझ नहीं आई, वो बात इस बच्ची ने दो लाइन में कह दिया। उन्होंने आगे कहा कि जो लोग देश में नफरत फैलाते हैं वो राष्ट्र प्रेमी नहीं होते हैं। यहां पर राहुल गांधी ने युवाओं को केंद्र में रखते हुए कहा कि पहले कभी हिंदुस्तान के इतिहास में नहीं हुआ होगा जो प्रधानमंत्री मोदी ने किया, जिन युवाओं ने पांच साल मेहनत किया, पसीना बहाया, उन्हें सेना में नौकरी नहीं दी। एक लाख, 50 हजार युवा भटक रहे हैं। सेना में उनकी भर्ती हो गई थी, बाद में उनकी भर्ती रद्द कर दी गई और कह दिया गया कि हम नहीं लेंगे। हिंदुस्तान के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है। राहुल गांधी ने कहा कि पहले आदिवासियों को हम आदिवासी ही कहते थे और जल, जंगल, जमीन पर पहला कब्जा उन्हीं का मानते थे।

### महाराष्ट्र में कांग्रेस को लगा बड़ा झटका, पूर्व सीएम चव्हाण ने दिया इस्तीफा

**मुंबई।** लोकसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र में पूर्व सीएम के इस्तीफे के तौर पर कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा



है। दरअसल महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। जानकारी अनुसार, अशोक चव्हाण ने बुधवार दोपहर महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से भेंट की थी। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच काफी देर बातचीत हुई, जिसके बाद उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता से ही इस्तीफा दे दिया। इसके बाद उन्होंने अपने बयान में कहा, कि 'मैं 12 फरवरी 2024 की दोपहर से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा सौंपता हूं।' गौरतलब है कि अशोक चव्हाण नांदेड विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक हैं। पिछले काफी दिनों से उनकी पार्टी से नाराजगी चल रही थी और ऐसे में खबर यही है कि वो अब भाजपा का दामन थाम सकते हैं। सूत्रों की मानें तो, अशोक चव्हाण ओर राहुल नार्वेकर की मुलाकात के बाद भाजपा में भी हलचल शुरू हो गई।

### कच्चे बोरबेल में 90 फीट नीचे 7 दिनों से फंसी है महिला

**गंगानगर सिटी।** एक महिला पिछले सात दिनों से कच्चे बोरबेल में 90 फीट की गहराई पर फंसी हुई है। इसके लिए बाजू से 100 फीट ड्रीलिंग भी कर ली गई है, लेकिन पानी और कीचड़ ने रास्ता रोक दिया है। हालांकि एनडीआरएफ के जवान बारी-बारी से ऑक्सीजन सिलेंडर और मास्क लगाकर गड्ढे में उतरे और बोरबेल तक चार फीट लंबी व ढाई फिट चौड़ी सुरंग बनाने का काम शुरू किया है। सुरंग बनाने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है और उम्मीद है कि जल्द ही महिला को रेस्क्यू कर लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार राजस्थान के गंगापुर सिटी जिले में एक महिला 7 दिन पहले बोरवेल में गिर गई थी, जिसे रेस्क्यू करने के लिए 6 दिन से ऑपरेशन चल रहा है। घटना बामनवास क्षेत्र के रामनगर ढोसी गांव की बताई जा रही है, जहां खेत में बने एक कच्चे बोरवेल में महिला गिर गई थी। मिली जानकारी के अनुसार विगत छह दिनों से एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमें महिला को बाहर निकालने का लगातार प्रयास कर रही हैं। लेकिन बार-बार आ रही बाधाओं के चलते रेस्क्यू में देरी हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

# बागी हुए जदयू विधायक को जिला प्रशासन ने किया नजरबंद



**नवादा।** जदयू के बागी विधायक डॉ संजीव कुमार को नवादा जिला प्रशासन ने सोमवार को नजरबंद किया ।राजद कार्यकर्ताओं को इसकी जानकारी मिलते ही कार्यकर्ताओं ने वन विभाग के कार्यालय को घेर कर नीतीश कुमार मुर्दाबाद आदि के नारे लगाये।वहां पूर्व एमएलसी प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज पटना स्थित विधानसभा में सरकार की स्थिरता को लेकर फ्लोर टेस्ट है।ऐसे में नीतीश कुमार के निर्देशानुसार खगड़िया जिले के परबत्ता विधानसभा के विधायक डॉ संजीव कुमार को जिला प्रशासन ने वन विभाग के कैम्पस में नजरबंद कर रखा है। उन्होंने कहा कि परबत्ता विधायक रांची से पटना जा रहे थे। इसी बीच समेकित जांच चौकी से पुलिस बलों ने सोमवार की सुबह ही विधायक को रोक लिया। वन विभाग स्थित रेस्ट हाउस में विधायक से किसी कार्यकर्ता अथवा पत्रकारों को भी नहीं मिलने दिया गया। राजद कार्यकर्ताओं के जमावड़े को देखते हुए सुबह के लगभग नौ बजे विधायक को पुलिस एवं प्रशासन द्वारा पटना ले जाया जा रहा है। परबत्ता विधायक डॉ संजीव कुमार के साथ वाहन में पुलिस अधीक्षक भी मौजूद थे। विधायक के वाहन के आगे-पीछे प्रशासन का काफिला साथ-साथ है। इस दौरान परबत्ता विधायक ने हाथ जोड़कर अपने समर्थकों को धन्यवाद दिया। पूछे जाने पर विधायक ने कहा कि जो बिहार के हित में होगा वहीं करेंगे। अभी सब ठीक है।इस दौरान प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि रविंद्र यादव उर्फ बब्लू यादव,पूर्वी पंचायत के मुखिया संजय यादव,पूर्व प्रमुख रामचन्द्र यादव के अलावा सैकड़ों राजद कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एन एच- 80 कर्मियों से लूट मामले में एक अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर।** जिले के सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के निर्माणाधीन एन एच 80 कर्मियों से लूट मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय हो कि बीते शनिवार को सुलतानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नव निर्माणाधीन एन एच 80 के कर्मियों को तीन व्यक्तियों द्वारा कट्टा का भय दिखाकर 04 मोबाईल एवं 7700 रुपया लूटने की सूचना भागलपुर पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुँच कर घटना में प्रयुक्त बाईक बरामद किया तथा छापामारी करते हुए 01 अपराधकर्मी को लूट के 1500 रुपया एवं 01 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। घटना में शामिल अन्य 02 अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी जारी है। इस संबंध में सुलतानगंज थाना में पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अपराधी सचिन कुमार शाहाबाद सुलतानगंज का रहने वाला है। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर ने दी।

# 1.82 करोड़ नकली नेपाली नोट के साथ बीरपुर के सैयद सफी गिरफ्तार



**अररिया।** भारत-नेपाल सीमा मे इन दिनों फिर से अवैध कारोबार मे शामिल गिरोह के सदस्य सक्रिय हो रहे हैं। पूर्णिया नम्बर प्लेट के स्कॉर्पियो गाडी से एक करोड 82 लाख 51 हजार नेपाली नकली नोट की बरामदगी के साथ सुपौल जिला के बीरपुर निवासी मो.सैयद सफी को गिरफ्तार किया है।इस बात की पुष्टि सोमवार को नेपाल के सुनसरी जिला पुलिस ने की।यह कार्रवाई भारतीय सीमा से पार करने के बाद नेपाल की सुनसरी जिला पुलिस ने की। नेपाल की सुनसरी जिला पुलिस के एसपी विपिन रेग्मी के अनुसार, सूचना के आधार पर भारत से नेपाल के तरफ जा रहे इनरुवा नगरपालिका वार्ड संख्या 4 स्थित सुनसरी पुल से नकली नोट बरामद किया गया है । नकली नोट के साथ ही बीरपुर वार्ड संख्या 5 निवासी मोहम्द सैयद सफी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मिली गुप्त सूचना पर सुनसरी पुल पर लगाए गए चेकिंग अभियान में वाहनों के जांच के क्रम में यह कामयाबी हासिल की गई।भारतीय नंबर की स्कॉर्पियो संख्या बीआर 11 एक्स 3429 नम्बर के गाडी के पीछे के भाग मे छिपाकर बोरा मे रखे गए नकली नोट बरामद किया गया। गाडी मे सवार एक व्यक्ति के फरार होने की बात पुलिस ने कही है।एसपी रेग्मी के अनुसार आगे की जांच की जा रही है।

# भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की बैठक, सचिव का हुआ मनोनयन



**भागलपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा भागलपुर के सचिव के मनोनयन के लिए सोमवार को एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा भागलपुर के जिला प्रबंध समिति के संचालन समिति के सक्रिय सदस्य प्रवीण कुमार झा का चयन सचिव के लिए किया गया। जिसकी सहमति प्रवीण कुमार झा ने प्रदान की और उन्होंने कहा कि मैं पूरी तन्मयता, लगन और निष्ठा से सचिव पद का कार्य करूंगा। बैठक में राज्य प्रतिनिधि अनुज कुमार, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ विनय बहादुर सिंह, रवि कुमार सदस्य जिला प्रबंध समिति सह संयुक्त सचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी आदि मौजूद थे। बैठक के दौरान कोषाध्यक्ष से भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की जिला शाखा के लिए बैंक खाता खोलने का अनुरोध किया गया। उल्लेखनीय हो कि भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला शाखा भागलपुर के सचिव पद पर सर्वसम्मति से सिविल सर्जन को चयनित किया गया था। सिविल सर्जन ने अपनी व्यस्तता के कारण सचिव पद के लिए अपनी सहमति प्रदान नहीं की।

# सीबीएससी परीक्षा में परीक्षार्थी ले जा सकेंगे चॉकलेट-कैंडी





**एजेंसी। पटना**

सीबीएसई की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू हो रही है। इससे पहले बोर्ड ने दसवीं और बारहवीं के डायबिटीज टाइप- 1 के विद्यार्थियों को एग्जाम में कुछ सुविधाएं देने के निर्देश जारी किए हैं। विद्यार्थी वार्षिक परीक्षाओं के दौरान जरूरी दवाएं और खाना-फल ला सकेंगे। बोर्ड ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर यह आदेश जारी किए गए है।

**सभी स्कूलों में भेजे गए सर्कुलर :** एग्जाम से पहले बोर्ड ने यह आवश्यक सर्कुलर सभी स्कूलों, जहां सेंटर बनाया गया है, वहां भेज दिया है, ताकि एग्जाम के दिन स्टूडेंट को कोई परेशानी न हो। बोर्ड ने यह भी साफ कर दिया है कि जिन स्टूडेंट का लिस्ट आफ कैंडिडेंट (LOC) में स्कूल द्वारा टाइप- 1 शुगर का जिक्र किया होगा तो बोर्ड एग्जाम के दौरान टॉफी-चॉकलेट लाने की छूट दी जाएगी।

**परीक्षा फॉर्म में डायबिटीज के बारे में जानकारी देने वालों को ही मिलेगी सुविधा :** एग्जाम कंट्रोलर डॉ. संयम भारद्वाज ने बताया कि परीक्षाओं में कई डायबिटीज टाइप- 1 के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। इनकी सेहत को ध्यान में रखकर बोर्ड ने दवाओं और भोजन को लेकर आदेश जारी किए हैं। यह सुविधा उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगी जिन्होंने परीक्षा फॉर्म आनलाइन सूची में डायबिटीज टाइप- 1 का हवाला दिया है। ऐसे विद्यार्थी को केंद्राधीक्षकों से संपर्क करना होगा।

एग्जाम के दौरान डाइट प्लान में ऐसा आहार दिया जा रहा है, तो डाइजेशन में मददगार हो। न्यूट्रीशनिस्ट डॉ. विद्या का कहना है कि कई बार बच्चे एग्जाम के समय में कम खाना खाते हैं, ताकि उन्हें नींद ना आए। ऐसे में बॉडी में जरूरी सप्लीमेंट्स नहीं मिल पाते। एग्जाम के समय में जल्दी डाइजेस्ट होने वाले खाने से नींद भी कम आती है और बॉडी में न्यूट्रिशन भी मिलता है।

| ट्रांसपेरेंट थैले या बॉक्स में ला सकेंगे यह सामान |
|---|
| चीनी की गोलियां, चॉकलेट, कैंडी। |
| केला, सेब, संतरा जैसे फल। |
| सैंडविच जैसे स्नैक्स आइटम और कोई भी हाई प्रोटीन डाइट। |
| डॉक्टर के सलाह के अनुसार दवाएं। |
| 500 एमएल पानी की बोतल। |
| ग्लूकोमीटर और ग्लूकोज टेस्टिंग स्ट्रिप्स। |
| ग्लूकोज मॉनिटरिंग मशीन, फ्लैश ग्लूकोज मॉनिटरिंग मशीन या इंसुलिन पंप। |
| ऐसा खाना खाएं जो जल्दी डाइजेस्ट हो |

### गांधी मैदान में मेला संपन्न

# हर साल अक्टूबर में लगेगा कृषि यांत्रिकीकरण मेला


**एजेंसी। पटना**



कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि दशहरा के बाद किसान थोड़ा खाली रहते हैं और तब धान कटनी में कृषि यंत्रों की जरूरत सबसे अधिक होती है। इसलिए अब हर साल अक्टूबर में ही कृषि यांत्रिकीकरण मेला लगाया जाएगा। राज्यस्तरीय मेले की तिथि की सूचना देश की यंत्र निर्माता कंपनियों को मई माह के अंत तक उपलब्ध करा दी जाएगी, ताकि ज्यादा से ज्यादा यंत्र निर्माता भाग ले सकें। सचिव रविवार को चार दिवसीय कृषि यांत्रिकीकरण मेले के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। राजधानी के गांधी मैदान में लगे कृषि मेले में उन्होंने कहा कि अब राज्यस्तरीय कृषि मेले के बाद जिला स्तर पर इसका आयोजन किया जाएगा।

बड़े-बड़े यंत्र खरीदना एक किसान के बूते के बाहर होता है। इस समस्या को देखते हुए पैक्सों और कृषि समूहों को कृषि यंत्र देने की तैयारी हो रही है। सरकार किसानों को फसल अवशेष जलाने के बदले उनका खेतों में ही प्रबंधन कर खाद के रूप में उपयोग करने को प्रोत्साहित कर रही है। इसी उद्देश्य से कई नवीनतम कृषि यंत्रों 9 से 11 टाईन का हैप्पी सीडर, बिना रैक का स्ट्रॉ बेलर, स्ट्रॉ रीपर, सुपर सीडर, रोटरी मल्चर, स्लैसर एवं स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम पर सामान्य वर्ग के किसान के लिए 75 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति/जनजाति और अत्यंत पिछड़ा वर्ग के किसानों के लिए 80 प्रतिशत अनुदान और स्वचालित/ट्रैक्टर चालित रीपर कम बाइडर पर 50 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। इस कृषि यंत्र प्रदर्शनी सह किसान मेला में फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यंत्र जैसे स्ट्रॉ रीपर, रीपर कम बाइंडर, सुपर सीडर की भी बिक्री बड़ी संख्या में हुई है। इससे पता चलता है कि राज्य के किसान मृदा एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक हैं। सचिव ने भागलपुर और सुपौल के कृषक समूहों को कृषि यंत्र बैंक, मधेपुरा, सहरसा, समस्तीपुर के किसानों को कस्टम हायरिंग सेन्टर तथा सहरसा के दो किसानों को व्यक्तिगत श्रेणी में ट्रैक्टर के अनुदानित दर पर क्रय करने पर प्रतीकात्मक स्वरूप चाबी भेंट की। कृषि यंत्र निर्माता कंपनियों को प्रमाण-पत्र एवं मोमेन्टो प्रदान किया गया। मेले में 75 हजार से अधिक किसानों और आमजनों ने भ्रमण किया। इस अवसर पर कृषि निदेशक डॉ. आलोक रंजन घोष, निदेशक उद्यान अभिषेक कुमार, अपर सचिव शैलेन्द्र कुमार, निदेशक बामेती आभान्शु सी. जैन, अपर निदेशक कृषि अभियंत्रण बालेश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

# बिहार के 14 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट



**एजेंसी। पटना**

बिहार के कई जिलों में धूप निकलने से ठंड थोड़ी राहत जरूर मिली है, लेकिन अगले 24 घंटे में एक बार फिर मौसम करवट ले सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, पटना समेत कई जिलों में आज रात से बादल छाए रहने की संभावना है। साथ ही 13 और 14 फरवरी को पटना और आस-पास के इलाकों में हल्की बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि बारिश के बाद तापमान में एक बार गिरावट आएगी और ठंड बढ़ने की संभावना है। बादल छंटने के बाद कनकनी भी बढ़ने की उम्मीद है। दूसरी ओर पिछले 24 घंटे में गया जिला सबसे ठंडा रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। गया के बाद सबसे ज्यादा ठंडा नवादा रहा। नवादा का न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री रहा।

### मधुबनी चौथे दिन सबसे गर्म रहा

राज्य में मधुबनी चौथे दिन सबसे गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री दर्ज किया गया। सबसे अधिक न्यूनतम तापमान फारबिसगंज में 13.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गया का अधिकतम तापमान 24.8, भागलपुर का 26.2 और पूर्णिया का 26.4 डिग्री रहा।

**क्यों बदल रहा मौसम :** मौसम विभाग के अनुसार दक्षिणी गुजरात और असम के ऊपर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इसका असर बिहार के मौसम पर पड़ने की संभावना है। 13 और 14 फरवरी को पटना समेत राज्य के एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश के साथ ही मेघगर्जन और वज्रपात होने की संभावना है।

### 13 को 14 और अगले दिन 19 जिलों में हो सकती है

मौसम विभाग ने 13 फरवरी को 14 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में पटना, बेगूसराय, लखीसराय नालंदा, शेखपुरा, नवादा, गया, जहानाबाद, अरवल, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास, बक्सर, कैमूर शामिल हैं। वहीं, 14 फरवरी को पटना, बेगूसराय, लखीसराय नालंदा, शेखपुरा, नवादा, गया, जहानाबाद, अरवल, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास, बक्सर, कैमूर, जमुई, मुंगेर, भागलपुर, खगड़िया और बांका में बारिश के साथ-साश वज्रपात को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

# पूर्व मुखिया और व्यापारी पर अपराधियों ने चलाई गोली, विरोध में दुकान बंद का ऐलान

**एजेंसी। पटना**



पटना के नौबतपुर में होम्योपैथिक डॉक्टर सह पूर्व मुखिया और एक व्यापारी पर रविवार की देर शाम हुई गोलीबारी का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है किस तरह मोटरसाइकिल पर सवार अपराधी बेखौफ होकर व्यापारियों पर गोलीबारी कर रहे हैं। आसपास के लोगों ने बताया कि दोनों युवकों की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच की होगी।

**व्यापारियों ने सोमवार को दुकान बंद रखने का किया एलान :** घटना के बाद व्यापारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में नौबतपुर बाजार के सभी व्यापारियों ने सोमवार को अपनी-अपनी दुकान बंद रखने का ऐलान कर दिया है। होम्योपैथिक डॉक्टर सह पूर्व मुखिया डॉक्टर बृजभान प्रसाद वर्ष 1982 से 2000 तक नौबतपुर में मुखिया के रूप में रहे हैं। इसके बाद उनकी पत्नी उर्मिला देवी पंचायत समिति सदस्य भी रह चुकी है। डॉक्टर बृजभान प्रसाद के बेटे डॉक्टर पुष्पेश कुमार भास्कर ने बताया कि इससे पहले भी अपराधियों ने बाजार में कई बार रंगदारी की मांग को लेकर कई व्यापारियों को अपना निशाना बना चुके हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टर पुष्पेश कुमार ने आर्म्स लाइसेंस के लिए आवेदन अप्लाई किया था, लेकिन कई वर्ष गुजर जाने के बावजूद भी आज तक उन्हें आर्म्स की लाइसेंस नहीं मिली है।

**अपराधियों को चिह्नित कर छापेमारी कर रही पुलिस :** बताते चले कि रविवार की देर शाम अपराधियों ने नौबतपुर बाजार में पूर्व मुखिया सह होम्योपैथिक के डॉक्टर बृजभान प्रसाद पर गोलीबारी की थी। भागने के क्रम में अपराधियों ने इलेक्ट्रॉनिक दुकानदार नवरत्न कुमार को भी अपनी गोली का शिकार बनाया था। दोनों घायलों को इलाज के लिए पटना एम्स में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद पूरे बाजार में व्यापारियों के बीच दहशत का माहौल कायम है। सोमवार को व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकान बंद कर प्रशासन से अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। इस मामले को लेकर पुलिस का यह मानना है कि अपराधियों को चिह्नित कर छापेमारी की जा रही है।

### 14 वर्षीय छात्रा लापता, पांच लाख की फिरौती की मांग

**पटना।** सब्जी बेचने वाली की लापता बच्ची को लौटाने के लिए पांच लाख की फिरौती मांगी गई है। घटना की जानकारी पुलिस को मिलते ही मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है। वहीं टाउन DSP अशोक कुमार ने पुष्टि करते हुए बताया कि कदमकुआं थाना क्षेत्र स्थित लाल जी टोला के रहने वाले पीड़ित परिवार ने बताया कि 14 वर्षीय बच्ची मंगलवार से लापता है। बच्ची को वापस करने के लिए पांच लाख की फिरौती मांगी जा रही है। पांच लाख की डिमांड करने वाले अपहरणकर्ता के नंबर की जांच की गई है। नंबर सिमडेगा के रहने वाले के नाम से है। उसके परिजनों से बात हो गई है।

# फतुहा में बाइक सवार दो भाइयों की मौत



**पटना।** पटना के फतुहा में सड़क हादसे में दो भाइयों की मौत गई। सोनारू मोड़ के पास तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दोनों भाइयों को रौंद दिया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है। मृतक की पहचान गोविंदपुर निवासी मुन्ना गोप के पुत्र अमन कुमार(17) और अखिलेश कुमार के पुत्र सूरज कुमार(19) के तौर पर हुई। दोनों रिश्ते में चचेरा भाई लगते थे। मृतक के चाचा पप्पू कुमार ने बताया कि दोनों भाई बच्चे को हॉस्टल में छोड़कर वापस लौट रहे थे। इस बीच दनियावां NH-30 ए पर सोनारू मोड़ के पास तेज रफ्तार हाइवा ने टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर गए। सिर में गंभीर चोटें आईं थी। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने स्थानीय पुलिस की सूचना दी।

**परिजनों के बीच मचा कोहराम :** मौके पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है।

**हेलमेट लगा होता तो बच जाती जान :** स्थानीय लोगों और पुलिस का मानना है कि अगर अमन और सूरज ने हेलमेट लगाया होता तो जान बच सकती थी। हाइवा की रफ्तार तेज थी। टक्कर के बाद अपने आप को संभाल नहीं पाए। उनके सिर में गहरी चोटें आई थी।

**सतर्क रहना जरूरी :** बता दें, आए दिन बिहार में रफ्तार का कहर देखने को मिलता है। सरकार और प्रशासन की ओर से लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके बाद भी हादसों में कमी नहीं आ रही है। ऐसे में जरूरी सतर्क रहना जरूरी है।

# परेशानीः जंक्शन फ्लाईओवर से कदमकुआं जाने की सुविधा नहीं

**एजेंसी। पटना**



राजधानी में फ्लाईओवर का जाल बिछ गया है। नए निर्माण भी हो रहे हैं। फ्लाईओवरों के बनने से लोगों को बड़ी राहत मिली है। लेकिन, कई फ्लाईओवर ऐसे भी हैं, जिनपर चढ़ने और उतरने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। पटना जंक्शन फ्लाईओवर से कदमकुआं की ओर जाने के लिए 3 से 5 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। दिनभर में 3 लाख से अधिक लोगों को यह दिक्कत होती है। कारण यह है कि पटना जंक्शन फ्लाईओवर की कनेक्टिविटी एक्जीबिशन रोड या चिरैयाटांड़ पुल की तरफ तो है, लेकिन यहां चौड़ी एप्रोच रोड नहीं होने के चलते बाएं मुड़कर कदमकुआं इलाके की गाड़ी को मोड़कर नीचे उतरने की अनुमति नहीं है। गांधी मैदान के रामगुलाम चौक से घूमकर जाना होता है। नहीं, तो फिर कंकड़बाग जाकर यू-टर्न करना होता है। फ्लाईओवर के दोनों ही हिस्से के बीच में कदमकुआं और नाला रोड जाने वालों को बड़ी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इस इलाके में बड़ी आबादी रहती है, लेकिन इनकी सुविधा के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आलम यह है कि पुल के दोनों ही हिस्से में जाकर यू-टर्न लेने पर लोग घंटों जाम में फंस जाते हैं। दो मिनट के रास्ते के लिए लोगों को आधा घंटा से लेकर 45 मिनट तक लग रहा है।

**अटल पथ की सर्विस रोड से बेली रोड पर जाने का सीधा विकल्प नहीं :** अटल पथ की सर्विस रोड से बेली रोड पर जाने का सीधा विकल्प नहीं है। यहां से लोहिया पथचक्र की सर्विस रोड से बोरिंग कैनाल रोड स्थिति मोहनी चौराहा होते बेली रोड जाना पड़ता है। इसके लिए लोगों को 2-3 किमी का अतिरिक्त सफर करने की मजबूरी है। जबकि दाहिने मुड़ने पर महज चंद दूरी तय कर बेली रोड पहुंचने की सुविधा है। लेकिन यहां ट्रैफिक पुलिस वाहनों को रोक देती है और यहां से गुजरने के दौरान चालान की कार्रवाई भी होती है। बताया गया है कि वाहनों की आवाजाही को बेहतर रखने के लिए ऐसा किया जा रहा है, लेकिन अधिक दूरी तय करने से जहां फ्यूल की खपत बढ़ रही है, वहीं लोगों बेली रोड के जरिए अन्य हिस्सों में जाने के लिए अधिक वक्त लग रहा है।

**समाधान : कदमकुआं जाने के लिए दो विकल्प संभव :** अगर कोई व्यक्ति विधानसभा, वीरचंद पटेल पथ, बुद्धमार्ग से चढ़कर पटना जंक्शन फ्लाईओवर पर पहुंचता है, तो कदमकुआं जाने के लिए दो विकल्प हो सकते हैं। ट्रैफिक इंजीनियर आरएस कुमार ने इसके इसके लिए दो विकल्पों को सुझाया।

**पहला :** एक्जिबिशन रोड के पास जहां पिलर बनाकर छोड़ दिया गया है, वहीं से वाहनों को उतरने की जगह बना दी जाए तो सबकुछ आसान हो जाएगा। इसके लिए उस जगह की चौड़ाई बढ़ानी होगी, जहां कई जगहों पर अवैध कब्जा है। इसके अलावा पटना जंक्शन रोड की एप्रोच रोड की चौड़ाई बढ़ाकर इस समस्या से निजात मिल सकती है।

**दूसरा :** चिरैयाटांड़ की तरफ फ्लाईओवर से नीचे उतरकर कंकड़बाग होते वापस होकर चिरैयाटांड़ फ्लाईओवर के नीचे से कदमकुआं की ओर जाना होगा। इसके लिए दो-तीन किमी की दूरी तरह करनी होगी। कंकड़बाग वाले फ्लाईओवर के नीचे सर्विस रोड के हिस्से में बॉटलनेक की चौड़ाई बढ़ानी होगी, ताकि यहां से यू-टर्न लेने की सुविधा मिल सके।

**बेली रोड को पार करने की चुनौती :** पैदल चलने वाले लोगों के सड़क को पार करने की सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। बेली रोड पर सड़क पार करने के लिए फुट ओवरब्रिज नहीं बना है। इस कारण लोगों को पैदल सड़क पार करने में हादसे का डर रहता है। इसी तरह अटल पथ की सर्विस रोड से पुल पर चढ़ने के लिए भी लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। जानकारों का कहना है कि वाहनों की गति के चलते जगह-जगह नहीं रास्ता नहीं खोल सकते, जबकि इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस इंतजाम करना चाहिए। पुल निर्माण निगम के इंजीनियरों को सर्वे करना चाहिए, ताकि बेली रोड, अटल पथ और लोहिया पथचक्र से वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित किया जा सके।

# डी.ई.सी और एल्बेनडाजोल खाने से चार विधालयो के 80 स्कूली छात्र छात्राएं बीमार





- सीएचसी मझौलिया में अफरातफरी का रहा माहौल
- ईलाज के बाद सभी भर्ती छात्र स्वस्थ होकर लौटे घर
- आशा कार्यकर्ताओं ने एएनएम के प्रतिनियुक्ति की मांग की

चाणक्य भूमि (कनकलता) बेतिया

मझौलिया।सोमबार को दोपहर में उस समय अफरा तफरी का माहौल हो गया, जब मझौलिया प्रखण्ड क्षेत्र में अवस्थित तीन विद्यालयों के लगभग 80 छात्रों को सीएचसी में पेट दर्द,मिचली,उल्टी और अर्ध बेहोशी की हालत में ईलाज के लिये भर्ती किया गया।सीएचसी प्रभारी डॉ.ओमप्रकाश ने बताया कि डीइसी और एल्बेंडाजोल खिलाने के बाद राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिपकडी,उर्दू विधालय बासड़ा और मध्य विद्यालय गढ़वा ,तथा भोगाडी के स्कूली छात्र छात्राएं सीएचसी में भर्ती किये गये।जिन्हें पूर्ण रूपेण स्वस्थ होने पर ईलाज के बाद छोड़ा गया।उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मुक्ति अभियान के तहत स्थानीय आशा कार्यकर्ता और फेसिलिटेटर की उपस्थिति में दवा खिलाया गया था।दवा खिलाने के 15 से 20 मिनट के अंदर छात्र छात्राओं की हालत बिगड़ने लगी।कई छात्रो को पसीना आने लगा।कई छात्राये पेट दर्द की शिकायत करने लगे।विद्यालय प्रवंधन की सूचना पर स्कूलो में एम्बुलेंस मुहैय्या किया गया।तत्काल सीएचसी में भर्ती कर सुईयां दी गयी।इस बीच कई अभिवावक बच्चों को खुद लेकर अस्पताल पहुंचे।ओपीडी में तैनात डॉ.राकेश कुमार तथा प्रभारी



स्वेम ईलाज में जुट गये।लगभग दो घण्टो तक सीएचसी में कोहराम मचा रहा।अभिवावकों की भीड़ जुट गयी।स्थिति को नियंत्रित करने के लिये पुलिस बल बुलाना पड़ा।एसआई अनुज कुमार दल बल के साथ पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।मौके पर पहुंची आशा कार्यकर्ताओ को फजीहत का शिकार होना पड़ा।दो घण्टे बाद बच्चों को पुनः विद्यालय और उनके घर पर छोड़ा गया।पंचायत के मुखिया सह भाजपा अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश घटना स्थल पर पहुंचे और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से पूछताछ की।उन्होंने आशा के साथ साथ विद्यालयों में एएनएम के प्रतिनियुक्ति की मांग की।

## लकड़ी माफियाओं के ख़िलाफ़ एनजीटी में आज होगी जिससे माफियाओं में है दहशत का माहौल

चाणक्य भूमि। शेखपुरा

जिले के चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता सह पर्यावरण प्रेमी सैयद अरशद नसर द्वारा टाटी नदी व अगबील चाड़े पथ में अवैध रूप से पेड़ों का बड़े पैमाने पर किए गए पातन के ख़िलाफ़ दोषी लोगों पर कड़ी कार्यवाही व भारी पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति जुर्माना लगवाने हेतु नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल पूर्वी जोन कोलकाता में दायर याचिका संख्या ओए-108/2023 की सुनवाई पीठ के न्यायिक सदस्य न्यायमूर्ति बी.अमीत स्टालेकर व एक्सपर्ट मेंबर डॉ अरुण कुमार वर्मा आज दिन के 10:30 से करेगी.सुनवाई में भाग लेने के लिए याचिकाकर्ता अरशद नसर कोलकाता पहुँच गए हैं.सुनवाई पुर्व जिला पदाधिकारी को व सुबे के वन पर्यावरण सचिव को जवाबी हलफनामा दाखिल करना है.विदित हो की बीते सुनवाई में जिले के पुलिस अधीक्षक व जमुई जिले के वन प्रमंडल पदाधिकारी द्वारा एनजीटी में जवाबी हलफनामा दायर किया जा चुका है.आज की सुनवाई पर जिले के पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी समेत लकड़ी माफियाओं की नजरें टिकी हुई है.

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत एक घायल

**मोतिहारी नेशनल हाईवे पर स्थित मछली लोक के पास एक दुर्घटना में पत्नी की मौत हो गई जबकि पति बुरी तरह घायल हो गया है जिसका ईलाज GMCH में चल रहा है**



चाणक्य भूमि। बेतिया

जानकारी के अनुसार बेतिया में सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई है। जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल है। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मछली लोक के पास अमवा मजार के खरवा टोला निवासी कमलेश कुमार अपनी पत्नी के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गये जिसमे उनकी पत्नी की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज और घायल पति को इलाज के लिये जीएमसीएच में भर्ती कराया जहाँ उसका ईलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी रविवार की देर रात शादी से बेतिया शहर स्थित अपने घर पर लौट रहे थे। इसी दौरान मछली लोक के हनुमान मंदिर के पास वाहन की चपेट में आ गए। मौके पर ही पत्नी लकी देवी की मौत हो गई। पति की हालत गंभीर बनी हुई है। इधर, घटना की सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को इलाज के लिए जीएमसीएच में भर्ती कराए गए हैं, जहां उनका इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों के हवाले कर मामले की जांच में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल पति के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा को रंग व रूप देने का कार्य पूरा

## जगह-जगह कल धूमधाम से होगी मां सरस्वती की पूजा

चाणक्य भूमि। चिरैया



प्रखंड में बसंत पंचमी को लेकर मूर्तिकारों ने मां सरस्वती की प्रतिमा को रंग व रूप देने की तैयारी लगभग-लगभग पूरी कर ली है। प्रखंड क्षेत्र में विद्या, बुद्धि एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा धूमधाम से होगी। प्रखंड मुख्यालय से लेकर अधिकांश पंचायतों में हर जगह मूर्तिकार प्रतिमा को ग्राहकों के ऑर्डर के अनुसार साज-सज्जा करने में सक्रिय हैं। चिरैया ब्लॉक रोड स्थित महादेव साह हाईस्कूल की चहारदीवारी से सटे मूर्ति निर्माण का कार्य कर रहे छोड़ादानों प्रखंड अंतर्गत महुआवा कटगेनमा गांव निवासी मूर्तिकार सुजीत पंडित ने बताया कि हमारे यहां के अधिकांश प्रतिमा की बुकिंग हो चुकी है। इस वर्ष पहले की अपेक्षा मूर्तियों की अग्रिम बुकिंग ठीक-ठाक हुई है। 2023 में जहां 46 प्रतिमा की बिक्री हुई थी। वही इस वर्ष 60 प्रतिमा की बुकिंग हो चुकी है। बताया कि हमारे यहां एक हजार से लेकर पांच हजार तक की प्रतिमा की बनाई गई है। मूर्तियों को सजाने व संवारने के साथ रंग-रोगन का काम अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष प्रतिमा निर्माण में लग रहे साज सज्जा की साम्रगी पर महंगाई का असर देखने को मिला है। प्रतिमा में लगने वाली साड़ी पिछली बार जहां दुकानदार 150 रुपए मीटर बेच रहे थे, वही इस बार 200 रुपए मीटर बिक रही है। मूर्तिकार श्री पंडित ने बताया कि उनका यह पुश्तैनी कारोबार है। वह सरस्वती पूजा को लेकर एक माह पूर्व से ही मूर्ति बनाने का काम शुरू कर दिए थे।

# वार्षिकोत्सव पर आर के इंटरनेशनल नानोसती के छात्रों ने मचाया धमाल

**मुख्य अतिथि गरिमा देवी सिकारिया ने छात्रों को पढ़ाया अनुशासन का पाठ, पंचायत के मुखिया सत्यप्रकाश ने बांटा स्टेशनरी**








चाणक्य भूमि (कनकलता)बेतिया

बेतिया।नानोसती मुख्य मार्ग स्थित आर .के इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह आयोजित कर सेंटप छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बेतिया नगर निगम की महापौर गरिमा देवी शिकारिया तथा भाजपा के अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष मझौलिया मुखिया सत्य प्रकाश शामिल हुए।अतिथि द्वय ने स्कूली छात्र छात्राओं को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। मधुबन सेंट्रल स्कूल के प्रधानाध्यापक नागेंद्र सिंह एवं आर .के इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक राजेश कुमार कुशवाहा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।स्कूली छात्रों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।इस अवसर पर दशम वर्ग के छात्रों को बिदाई दी गयी।बताते चले की विदाई समारोह के दौरान विद्यालय के निदेशक राजेश कुमार कुशवाहा ने आगंतुक अतिथियों को अंग वस्त्र और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि गुरु शिष्य को अंधकार रूपी अज्ञानता से निकाल कर प्रकाश रूपी ज्ञान की तरफ ले जाता है। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक और छात्र काफी भाव विह्वल दिखे। **इस अवसर पर:** आयुष कुमार , अनमोल कुमार , चाँद अहमद , हैप्पी कुमारी , स्तुति कुमारी , स्नेहा कुमारी , प्रिया कुमारी , प्रियंका कुमारी सहित मनीष कुमार यादव , राजू कुमार , रूपेश कुमार , अजय कुमार , रूपा कुमारी , सरिता कुमारी , खुशबू कुमारी , निशु कुमारी , किरण देवी आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।




## रोहिणी ने ट्वीट के माध्यम से नीतीश पर कासा तंज


लालू यादव की पुत्री ने ट्वीट (X) के माध्यम से नीतीश कुमार पर तंज कसते हुये कहा की आईना दिखा दिया उसने आज आपको! आप अपना सा मुहँ लेकर रह गये!! आपको अपनी फितरत पर ना कोई मलाल है! दलालों की गोद में फिर से जाकर बैठ गये!

# बेतिया को 22 रनों से हराकर सेमीफाइनल में पहुंची सिवान की टीम

## 167 रनों के जवाब में 145 रनों के स्कोर पर लुढ़की बेतिया

चाणक्य भूमि। पताही

प्रखंड मुख्यालय स्थित हाई स्कूल खेल मैदान में बखरी बाजार की ओर से शहीद भगत सिंह टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हो गया। उद्घाटन मैच सिवान और बेतिया के बीच खेला गया। इससे पहले भाजपा नेता योगी अखिलेश्वर दास ने फीता काटकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। सिवान के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी सिवान की टीम निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 167 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाब में खेलने उतरी बेतिया की टीम 145 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस प्रकार सिवान की टीम ने पहला मैच 22 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सिवान के खिलाड़ी हैदर को शिक्षक गौतम कुमार द्वारा दिया गया। बताते चले कि टूर्नामेंट में फाइनल जीतने वाली टीम को 51 हजार और उपविजेता को 25 हजार रुपये दिया जाएगा।



मौके पर रूपेश कुमार, चंदन कुमार, संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

## अविनाश कुमार बने बेतिया राज के नये प्रबंधक

**चाणक्य भूमि । बेतिया।** बेतिया राज के नये प्रबंधक के रूप मे बिहार प्रशासनिक सेवा के अविनाश कुमार ने आज पदभार ग्रहण किया। अब देखना यह है क्या ये बेतिया राज की व्यवस्था में सुधार लाते है या नहीं। आने वाले समय में यह पता चलेगा कि भ्रष्टाचारी और अतिक्रमणकारी पुर्व की तरह बेतिया राज पर कायम रहेंगे या पुर्व की अधिकारियों की तरह ये भी सिर्फ काग़ज़ी कारवाई ही करते रहेगे। बेतिया राज के सम्बंध में यह कहावत बिल्कुल सही बैठती है "हमे अपनों लोगों ने ही लूट लिया गैरों से शिकवा क्या करे। जिसे बनाया मांझी अपनी नैया का वही तो हमे डुबाने की वजह बना ।।"

## मोतिहारी में हथियार बंद अपराधियों ने एक पेट्रोल पंप लूटा

**चाणक्य भूमि।** मोतिहारी में अपराधियों ने एक पेट्रोल पंप पर के नोजल मैंन से हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया है। घटना का जो सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें साफ देखा जा सकता है कि बाइक पर सवार तीन संख्या में पहुंचे अपराधियों ने नोजल मैन से पहले गाड़ी में पेट्रोल डालने के लिए कहा, फिर पेट्रोल डालने के क्रम में ही दो बदमाश उसके कनपट्टी पर बंदूक सटाकर हाथ में रखे सारे पैसों लेककर आसानी से फरार हो गए। घटना केसरिया थाना क्षेत्र के गायत्री माया पेट्रोलियम की है।

# नगर निगम की योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं होने पर भड़की महापौर गरिमा सिकारिया

## निगम की सरकारी योजनाओं में धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा लोकल सफेद बालू

चाणक्य भूमि। बेतिया



बेतिया महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने नगर निगम क्षेत्र में जारी करोड़ों की विकास योजनाओं में गुणवत्ता और मानक अनुपालन में भारी कमी पाए जाने पर त्वरित प्रभाव से रोक लगाने और इसके जिम्मेदार पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। नगर आयुक्त शंभू कुमार को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण और निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया है कि विभागीय और निविदा प्रक्रिया के आधार पर आवंटित होने के बाद करोड़ों की सरकारी राशि खर्च से सैकड़ों योजनाओं का कार्यान्वयन की स्वीकृति दी गई है। इनमें से दर्जनों योजनाओं का पूरा होने का कार्य प्रगति पर है। इनमें से अनेक का निरीक्षण करने के क्रम पाया गया है कि स्वीकृत प्राक्कलन में सोन सेंड का ही उपयोग की अनिवार्यता होने के बावजूद लोकल सफेद बालू का पूरा या मिक्स कर के धड़ल्ले से उपयोग जारी है। वही प्राक्कलन के विपरित कम मिली मीटर मोटाई वाले आयरन छड़ का भी निर्धारित घनत्व से अधिक दूरी पर उपयोग किया जा रहा है। महापौर सिकारिया ने यह भी लिखा है कि स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण नहीं होने के कारण अनेक पीसीसी और आरसीसी नाले का आकार प्रकार अमानक स्तर का हो जा रहा है। उद्घाटन के कुछ महीने बाद अनेक निर्माण कार्य के छूटने या छतिग्रस्त होने की शिकायत लोग कर रहे हैं। ऐसी स्थिति का एक मात्र कारण नगर निगम में प्रशासनिक और अभियांत्रिकी संभाग स्तर पर अपने दायित्व का सही से निर्वहन नहीं करना है। ऐसे गंभीर सवाल उठाने के साथ ही महापौर सिकारिया ने निर्देशित करते हुए कहा है कि ऊपर वर्णित स्थिति को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए सुधार की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से होना सुनिश्चित किया जाय। भुगतान करने से पूर्व साइट इंचार्ज अभिकर्त्ता और तकनीकी पर्यवेक्षण पदाधिकारी से गुणवत्ता प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही भुगतान होना सुनिश्चित किया जाय।

# गौनाहा भारत-नेपाल के वन अधिकारियों की मंगुराहा में हुई महत्वपूर्ण बैठक

## वनप्राणी के संवर्धन, सुरक्षा व विभिन्न समस्याओं पर हुई चर्चा

चाणक्य भूमि। बेतिया



गौनाहा प्रखण्ड अंतगर्त्त भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय वन सीमा समन्वय समिति की एक संयुक्त बैठक सोमवार की मंगुराहा गेस्ट- हाउस स्थित सभागार मे संपन्न हुआ। बैठक में वाल्मीकि व्याघ्र परियोजना प्रमण्डल एक व दो तथा नेपाल के चितवन व परसा नेशनल पार्क के सभी वन विभाग के आला अधिकारी सहित वनकर्मी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य वन प्राणी के संवर्धन, सुरक्षा व वन क्षेत्र में उत्पन्न होने वाली अन्य कठिनाइयों का निवारण सुगमता व सरलता पूर्वक कैसे किया जाए। वालाकि व्याघ्र परियोजना के सीएफ डॉ. नेशामणि के प्रमण्डल एक के डीएफओं प्रदुमान गौरो प्रमण्डल दो के डीएफओं पीपुष वर्णवाल, मोतिहारी के डीएफओं राजकुमार प्रसाद, डब्लू डब्लूएफ के डॉ. कमलेश मौर्य, वेटनरी के डा० संजीव रंजन ने वन की सुरक्षा एवं वन्य जीव की रक्षा पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। नेपाल से आए हुए वन विभाग के चितवन नेशनल पार्क के सीएफ दिल बहादुर पुजापुन, नेशनल पार्क परसा के सीएफ रामचंद खारिवारा, नेपाल स्थित नवलपुर के डीएफओ बसंत केसाब,नवलपरासी के डीएफओं महेंद्र बागले, वेटनरी डॉक्टर चन्दरला लाम्बा, डॉ. विजय श्रेष्ठ, रेंजर प्रकाश धुमजना, सीताराम आयकर, वाल्मीकि व्याघ्र परयोजना के रेंजर सुनील कुमार पाठक,सुजित कुमार, उत्तम कुमार शर्मा, ब्रजेंद्र पांडे, बिनोद सिंह, राजकुमार पासवान, फील्ड बायोलॉजिस्ट पंकज कुमार ओझा सहित दर्जनों वनकर्मी उपस्थित थे। डीएफओ प्रदुमन गौरव ने कहा कि इसके पूर्व भी 24 जनवरी 2024 को दोनों देशों के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक मांगुरहा सभागार में संपन्न हुई थी।

# नगर निगम की योजनाओं में गुणवत्ता की भारी कमीः महापौर

**नगर निगम क्षेत्र में जारी करोड़ों की विकास योजनाओं में गुणवत्ता और मानक तुरंत कराए अनुपालनःगरिमा**

- क्षेत्र भ्रमण व निरीक्षण में करोड़ों की राशि से जारी सैकड़ों योजनाओं का कार्यान्वयन गुणवत्ता की भारी कमी पर महापौर नगर आयुक्त को दिया सख्त निर्देश
- निगम की सरकारी योजनाओं में लोकल सफेद बालू का पूरा या मिक्स कर के धड़ल्ले से उपयोग और ज्यादा दूरी पर छड़ लगाने पर भुगतान रोकने का आदेश

**एजेंसी। बेतिया**

महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने नगर निगम क्षेत्र में जारी करोड़ों की विकास योजनाओं में गुणवत्ता और मानक अनुपालन में भारी कमी पाए जाने पर त्वरित प्रभाव से रोक लगाने और इसके जिम्मेदार पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया है। नगर आयुक्त शंभू कुमार को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण और निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया है कि विभागीय और निविदा प्रक्रिया के आधार पर आवंटित होने के बाद करोड़ों की सरकारी राशि खर्च से सैकड़ों योजनाओं का कार्यान्वयन की स्वीकृति दी गई है। इनमें से दर्जनों योजनाओं का पूरा होने का कार्य प्रगति पर है। इनमें से अनेक का निरीक्षण करने के क्रम पाया गया है कि स्वीकृत प्राक्कलन में सोन सेंड का ही उपयोग की अनिवार्यता होने के बावजूद लोकल सफेद बालू का पूरा या मिक्स कर के धड़ल्ले से उपयोग जारी है। वही प्राक्कलन के विपरित कम मिली मीटर मोटाई वाले आयरन छड़ का भी निर्धारित घनत्व से अधिक दूरी पर उपयोग किया जा रहा है।



महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह भी लिखा है कि स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप निर्माण नहीं होने के कारण अनेक पीसीसी और आरसीसी नाले का आकार प्रकार अमानक स्तर का हो जा रहा है। उद्घाटन के कुछ महीने बाद अनेक निर्माण कार्य के छूटने या छतिग्रस्त होने की शिकायत लोग कर रहे हैं। ऐसी स्थिति का एक मात्र कारण नगर निगम में प्रशासनिक और अभियांत्रिकी संभाग स्तर पर अपने दायित्व का सही से निर्वहन नहीं करना है। ऐसे गंभीर सवाल उठाने के साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने निर्देशित करते हुए कहा है कि ऊपर वर्णित स्थिति को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए सुधार की कार्रवाई तत्काल प्रभाव से होना सुनिश्चित किया जाय। भुगतान करने से पूर्व साइट इंचार्ज अभिकर्त्ता और तकनीकी पर्यवेक्षण पदाधिकारी से गुणवत्ता प्रमाणन प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही भुगतान होना सुनिश्चित किया जाय।

## हरीनगर चीनी मिल के पास तीन दिन से लापता शिक्षक का शव मिला

**चाणक्य भूमि । रामनगर**

रामनगर के हरीनगर चीनी मिल के पास तीन दिन से लापता टीचर का शव मिला है। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और जांच में जुटी है। डैनमरव गांव निवासी भुटेली राम नामक शिक्षक तीन दिन से लापता थे। परिजनों के अनुसार भुटेली राम शुक्रवार को घर से चीनी मिल गये थे उसके बाद से ही उनसे कोई सम्पर्क नहीं हो पाया था। संपर्क करने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। भुटेली राम पिपरा दोन में शिक्षक शैक्षिक थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साथ ही अन्य बिंदुओं पर भी जांच की जा रही है। परिजनों ने अभी आवेदन नहीं दिया है। आवेदन मिलने के बाद FIR दर्ज की जाएगी।







## रामनगर की डॉक्टर क्रिती ने MCI की पहली बार में ही परीक्षा पास की

**चाणक्य भूमि। बेतिया**

डॉक्टर क्रिती ने अपने जिला का नाम की रौशन किया है । उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप करने के बाद गांव मे आकर गरीब जनता की सेवा करुंगी । गौरतलब है की 2023 बैच से एम•बी•बी•एस : एम•डी की परीक्षा , एशियन मेडिकल इंस्टीट्यूट , क्रिगीस्तान ,से पास आउट होने के बाद भारत मे प्रैक्टिस करने के लिये 20 जनवरी 2024 को मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया ,का परीक्षा दी जिसका रिजल्ट 6 फरवरी 2024 को आया और पहले ही बार मे परीक्षा पास कर बिहार के प•चम्पारण के रामनगर की बहु ने अपने जिला का नाम रौशन की । इस संबंध मे डॉक्टर क्रिती ने बताई की इसका सारा श्रेय मेरे पति डॉक्टर नन्दलाल यादव और हमारे परिवार का है । क्योकी मेरी शादी हो चुकी थी और मुझे डाक्टर बनना था तो मेरे पती ने मेरी पढाई मे काफी मदद की साथ ही मेरे बच्चो ने भी मेरा साथ दिया । अब मै अपने पती के साथ ही रामनगर और जिले के सुदुरवर्ती गांवो मे प्रैक्टिस कर गरीबो का सेवा करुंगी इंटर्नशिप करने के बाद । आज की बेटिया नही है किसी से कम और केन्द्र व बिहार सरकार का महत्वकांक्षी योजना बेटी पढाओ बेटी बचाओ का मिसाल बनी ।



## अगले विधानसभा से पहले फिर बदलेंगेः नीतीश कुमार

**नीतीश सरकार के विश्वास मत हासिल करने पर प्रशांत किशोर का तंज - मुख्यमंत्री जी को हवा हवाई किला बनाने दीजिए, 42 विधायकों की कुल जमा-पूंजी अगले विधानसभा से पहले फिर बदलेगा इसको मैं लिख कर देता हूं**

**पटनाः** जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बिहार में चल रहे राजनीतिक उठापटक के बीच कहा कि नीतीश कुमार को पूछता कौन है? ये तो बिहार में और बिहार के लोगों के मुख्यमंत्री हैं तो हमलोगों को बोलना पड़ता है। दूसरे राज्यों में क्या कोई संज्ञान ले रहा है कि नीतीश कुमार कौन है? आप जरा समझिए की नीतीश कुमार किसी नेता या दल को क्या ऑफर कर सकते हैं? बिहार में नीतीश कुमार इतना बड़ा चेहरा है नहीं, न ही इनकी कोई विचारधारा रह गई है। हर 6 महीने में ये पलट जाते हैं। नीतीश कुमार का पूरे देश में नाम है पलटूराम। गवर्नेंस के तौर पर भी देखें तो सबसे पिछड़ा और गरीब राज्य है बिहार। ऐसा तो होगा नहीं की केरल का कोई आदमी कहेगा कि हमें बिहार के जैसा बनाना है तो इसलिए नीतीश कुमार को नेता मान लें। नीतीश कुमार की कुल जमा पूंजी 42 विधायकों की है। न आपके पास राजनीतिक काबिलियत है न राजनीतिक इमेज है न सुशासन तो किस आधार पर आपको कोई नेता मानेगा? नीतीश कुमार ऐसे हवा हवाई किला बनाते रहते हैं। जब INDIA में अपने हिस्से का उन्हें नहीं मिला तो पिछले दरवाजे से वो भाग गए। अगले विधानसभा से पहले ये फॉर्मेशन फिर बदलेगा इसको मैं लिख कर दे देता हूं। आज जिस फॉर्मेशन में बिहार में जो व्यवस्था है जिसमें नीतीश कुमार चेहरा हैं BJP सपोर्टर की भूमिका में है और दूसरे साइड RJD हैं जिसे सपोर्ट कांग्रेस कर रही है तो मैं आप सभी को बता देता हूं कि इस फॉर्मेशन में चुनाव नहीं होगा।












# रंगदारी कांड का उद्भेदन 48 घंटे के भीतर किया

**शिकारपुर थाना अंतर्गत चर्चित रंगदारी कांड का उद्भेदन 48 घंटे के अंदर कर पुलिस ने तीन युवक को गिरफ्तार किया सभी गिरफ्तार धुमनगर थाना शिकारपुर के बताये गये है। जिनके नाम पहचान ताहिर हुसैन आयु 24 वर्ष पिता ईदु मियां, सोहेल अख्तर आयु 27 वर्ष पिता ईदु मियां, शेख रूफान आयु 21 वर्ष पिता गैसूल आजम है**

**चाणक्य भूमि । बेतिया**



पश्चिम चम्पारण जिला के बेतिया पुलिस अंतर्गत शिकारपुर थाना क्षेत्र के ब्रजभूषण ओझा से रंगदारी मांगने के मामले का खुलासा कर लिया है और इसमें शामिल सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है । उपर्युक्त मामला में अज्ञात मोबाईल नंबर से ब्रज भूषण ओझा के मोबाईल नंबर पर कॉलकर रंगदारी की मांग तथा जान से मारने की धमकी दी गई। इस सम्बंध में शिकारपुर थाना कांड संख्या 95/24 दिनांक 08 फरवरी 2024 धारा 385/387 भादवि अंकित किया गया। उपर्युक्त कांड के उद्भेदन में पश्चिम चम्पारण बेतिया पुलिस अधीक्षक ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज जय प्रकाश सिंह के नेतृत्व मे एक टीम गठित किया। उपर्युक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल तीन युवकों को रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाईल एवं सीम के साथ 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों में ताहिर हुसैन आयु 24 वर्ष पिता ईदु मियां, सोहेल अख्तर आयु 27 वर्ष पिता ईदु मियां, शेख रूफान आयु 21 वर्ष पिता गैसूल आजम, सभी धुमनगर थाना शिकारपुर पश्चिम चम्पारण बेतिया बताए गए हैं। उनके पास से रंगदारी मांगने मे प्रयुक्त सैमसंग कंमनी का मोबाईल 02, सीम, बाइक बरामद किया गया है। बेतिया पुलिस की छापामारी टीम में पुनि सह-थानाध्यक्ष अवनीश कुमार शिकारपुर थाना, पुनि रमण कुमार तकनीकी शाखा, बेतिया, पुअनि श्यामकिशोर पंडित शिकारपुर थाना, पुअनि बृजकिशोर दास शिकारपुर थाना, सिपाही बबलू कुमार तकनीकी शाखा बेतिया, थाना रिजर्व गार्ड, शिकारपुर थाना शामिल रहे।
























स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714